प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 31.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- संताल की तीन लोकसभा सीटों के लिए कल सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान, तैयारियां पूरी।

2- चुनाव आयोग ने अंतिम चरण के मतदाताओं से की बढ़चढ़कर वोट करने की अपील, कहा–भीषण गर्मी से निपटने के लिए मतदान केन्द्रों पर सुविधा के पर्याप्त इंतजाम ।

3- राजमहल, दुमका और गोड्डा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए डिस्पैच सेंटर से ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्रियों के साथ कड़ी सुरक्षा में मतदानकर्मी हो रहे रवाना।

4- थाईलैंड के बैंकॉक में विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्यालिफायर में भारत की अंकुशिता बोरो और निशांत देव क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।

*******************

झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो गयी है। इस चरण में राज्य की गोड्डा, दुमका और राजमहल सीट पर वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिसमें 53 लाख 24 हजार से अधिक मतदाता 52 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित राजमहल में 14 और दुमका में 19 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग की ओर से मतदान केन्द्रों पर शेड, पेयजल, शौचालय, व्हील चेयर और बिजली की उचित व्यवस्था की गई है।

*******************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदाताओं से बढ़ चढ़कर वोट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी को लेकर सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करायी गई है।

*******************

राज्य की तीन संसदीय सीट गोड्डा, दुमका और राजमहल के लिए मतदान कर्मियों की रवानगी का सिलसिला जारी है। राजमहल लोकसभा सीट के लिए मतदान को लेकर साहिबगंज जिले के पुलिस लाइन ग्राउंड में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है । जहां से राजमहल, बोरियो और बरहेट विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती बूथों के लिए ईवीएम, वीवी वैट और मतदान सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। साहिबगंज के जिला निर्वाची पदाधिकारी हेमंत सती ,सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव समेत अन्य पदाधिकारी डिस्पैच स्थल पर मौजूद हैं। दुमका संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा जिले में अंतिम चरण में 1 जून को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इधर राजमहल लोकसभा सीट के लिए पाकुड़ जिले में 813 मतदान केंद्रों पर मतदान दल में शामिल कर्मियो को बूथों पर भेजने का काम शुरू जारी है। समाहरणालय के निकट बनाये गए डिस्पैच सेंटर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की मौजूदगी में चुनाव सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। दुमका लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को इवीएम, वीवीपैट और मतदाता सूची के साथ मतदान केंदों के लिए रवाना किया जा रहा है। दुमका जिले में 1 हजार 117 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

*******************

गोड्डा लोकसभा में मतदान को लेकर आज देवघर के कुमेथा स्टेडियम डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों को चुनाव से संबंधित सभी सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

*******************

गोड्डा जिले में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने सभी मतदाताओं से भय मुक्त वातावरण में वोटिंग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर किसी तरह की गलत सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस हेडक्वाटर को सूचित करें। श्री मीणा ने कहा कि गोड्डा जिले में बिहार के बांका और भागलपुर इंटर डिस्ट्रिक्ट सीमा लगभग 115 किलोमीटर की है। इन सभी स्थानों पर 45 चेक पोस्ट बनाए गए हैं. गोड्डा में इंटर डिस्ट्रिक्ट और इंट्रा डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट भी बनाए गए हैं. वहीं उपायुक्त ने भी बताया कि यहां कहीं भी नक्सल प्रभावित क्षेत्र नहीं है. जिले में 637 क्रिटिकल बूथ हैं जबकि अन्य सभी नॉर्मल बूथ है।

*******************

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले फैल रही अफवाहों को खारिज किया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ने से जुड़ी अफवाह देशभर में फैल रही है। श्री राजीव कुमार ने कहा कि कोई भी मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ा सकता है क्योंकि उम्मीदवारों और एजेन्टों को फॉर्म 17–सी की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाती है जिसमें मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड होता है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

दुमका में कल होने वाले मतदान को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित युवा और बुजुर्ग मतदाता हैं। जिले में 18 से 19 साल आयु वर्ग के 40 हजार मतदाता हैं। ये वैसे मतदाता हैं, जो पहली बार वोट करेंगे। फर्स्ट टाइम वोटर पहली बार मताधिकार के प्रयोग को लेकर काफी उत्साहित हैं ।

साउंड बाइट– वोटर, दुमका – 47 सेकेंड

******************

रांची में ड्रग्स के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर जिला प्रशासन युवाओं को जागरूक करेगा। सिटी एसपी राजकुमार मेहता और सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कल मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर अहम बैठक हुई। जिसमें अभियान के संबंध में रणनीति तैयार की गयी।

******************

सिमडेगा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शहर के बस स्टैंड से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

******************

लद्दाख में तैनात जवान की पत्नी के साथ रांची में हुए सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में कल जमशेदपुर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के सदस्यों ने आक्रोश मार्च निकाला और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सजा दिलाने की मांग की।

******************

थाईलैंड के बैंकॉक में विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्यालिफायर में 60 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की अंकूसिता बोरो ने कजाकिस्तान के मुक्केबाज को 4–1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। 71 किलोग्राम भार वर्ग में निशांत देव ने भी थाईलैंड के यीसूंगनोएन को 5 – शून्य से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले, अरूंधति चौधरी ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में जीत दर्ज करके प्री–क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

******************

गिरिडीह जिले के पीरटांड और डुमरी प्रखंड में कल देर शाम आये आंधी तूफ़ान से भारी नुकसान की खबर हैं। रात आठ बजे से गिरिडीह जिले के मधुबन, पीरटांड, उत्तराखंड, डुमरी, बोकारो जिले के नवाडीह और धनबाद जिले के गोमो में बिजली की आपूर्ति ठप्प हैं।इन सभी स्थानों पर बिजली आपूर्ति प्रतापपुर निमियाघाट से होती है।बिजली विभाग के डुमरी के कनीय अभियंता राजेश टोप्पो ने बताया कि कई स्थानों पर बिजली के तार के ऊपर कई पेड़ उखड़ कर गिर गये हैं। बिजली विभाग के कर्मी रात से ही बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। बिजली नहीं रहने से जलापूर्ति प्रभावित हुई है।

*******समाप्त******